सार-समाचार

भारतीय वायु सेना दिवस मनाया

डूंगरपुर, (निसं)। स्थानीय विद्यालय गुरुकुल सेन्ट्रल एकेडमी, बोरी, डूंगरपुर में भारतीय वायु सेना दिवस पर विचित्र वेशभुषा एवं चित्रकला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था प्रधान संध्या पण्ड्या ने बताया कि विद्यालय में भारतीय वायु सेना दिवस पर प्रारंभिक वर्ग के विद्यार्थियों ने विचित्र वेशभुषा एवं चित्रकला कार्यकला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास से भाग लिया। विद्यालय निदेशक सतीश जोशी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय वायु सेना के शौर्य की जानकारी देना हैं। देश की सुरक्षा के लिए अपना जीवन व्यतीत करने वाले वायुसेना कर्मियों को सम्मानित करने के लिए भारतीय वायु सेना दिवस मनाया जाता हैं। यह दिन राष्ट्र के लिए सशस्त्र बलों द्वारा किए गए बलिदानों की याद दिलाता हैं तथा युवाओं को इसका हिस्सा बनने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर नंदिनी वरयानी, नीलम श्रीमाल,मेघा सुथार एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नंदिनी कुँवर एवं चंदनसिंह राव ने किया।

रेलवे स्टेशन रोड से हटाया अतिक्रमण

उदयपुर, (कासं)। शहर के सिटी रेलवे स्टेशन पर बुधवार को अतिक्रमण निरोधी दस्ते ने अस्थाई अतिक्रमण हटाए। पुलिस के साथ निगम के दस्ते ने 20 से ज्यादा घरों के बाहर रखे सामान को हटवाया।उदयपुर में फेस्टिव सीजन पर नगर निगम एक बार फिर अतिक्रमण को लेकर एक्टिव मूड में आ गई है। शहर के सिटी रेलवे स्टेशन पर बुधवार को अतिक्रमण निरोधी दस्ते ने अस्थाई अतिक्रमण हटाए। इसके अलावा 20 से ज्यादा घरों के बाहर रखा सामान हटवाया गया। लोगों ने विरोध करने की भी कोशिश की लेकिन होम गार्ड जवानों की मौजूदगी में कार्रवाई जारी रही। रेलवे स्टेशन के बाहर कच्ची बस्ती में झौपडियों के बाहर सीमा से आगे बढकर स्थाई रूप से कब्जे की कोशिश हो रही थी जिन्हें जेसीबी की मदद से हटवाए गए।इन कब्जों को हटाने के लिए सुबह करीब 9 बजे ही नगर निगम के अधिकारी, होमगार्ड के जवान और सूरजपोल थाने का जाब्ता मौके पर तैनात हो गया।जैसे ही निगम की जेसीबी मशीन ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो लोगों ने निगम की कार्रवाई को रोकने की कोशिश की। मौके पर मौजूद सीआई मांगीलाल पटेल की टीम ने लोगों को आगे नहीं बढने दिया।अतिक्रमण हटाने के अलावा जेसीबी की मदद से वहां20 से ज्यादा घरों के बाहर रखा सामान हटवाया गया। लोगों ने विरोध करने की भी कोशिश की लेकिन होम गार्ड जवानों की मौजूदगी में कार्रवाई जारी रही। इन कब्जों को हटाने के लिए सुबह करीब 9 बजे ही नगर निगम के अधिकारीए होमगार्ड के जवान और सूरजपोल थाने का जाब्ता मौके पर तैनात हो गया।जैसे ही निगम की जेसीबी मशीन ने अतिक्रमण हटाना शुरू किया तो लोगों ने निगम की कार्रवाई को रोकने की कोशिश की। मौके पर मौजूद सीआई मांगीलाल पटेल की टीम ने लोगों को आगे नहीं बढने दिया। लगातार जेसीबी की मदद से वहां रखे सोफे,बेड,दरवाजे और अन्य सामान को हटवाया गया।

मूर्ति खंडित करने का प्रयास

उदयपुर, (कासं)। शहर के देहलीगेट चौराहा स्थित भेरूजी स्थानक पर मूर्ति खंडित करने के प्रयास का मामला सामने आया है। मूर्ति का चेहरा मंगलवार रात को खंडित किया गया। भक्त बुधवार सुबह पूजा करने के लिए पहुंचे तब खंडित मूर्ति का पता चला। आस-पास पूजा का सामान बिखरा था। बीती रात को किसी अज्ञात ने मूर्ति का चेहरा खंडित किया । बुधवार सुबह जब पूजा करने के लिए भक्त पहुंचे तो मूर्ति देखकर हैरान रह गए।भक्तों की सूचना पर भूपालपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने खंडित मूर्ति को कपडे कवर करवाया। पुजारी और भक्तों की मदद से साफ.सफाई करवाकर भैरूजी की आंगी रखवाई। भूपालपुरा थानाधिकारी आदर्श कुमार ने बताया कि भेरूजी की मूर्ति मोलेला मिट्टी की बनी है। उसके चेहरे का कुछ हिस्सा सुबह खंडित मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। ये हरकत किसी ने जानबूझकर की है या फिर किसी जानवर से हुई है।

अंग्रेजी शराब जब्त, तीन गिरफ्तार

डूंगरपुर, (निसं)। धंबोला थाना पुलिस ने अवैध कारोबारियो के खिलाफ कार्यवाही करते हुए बुधवार को अंगे जी शराब जब्त करने में सफलता प्राप्त की। और इस मामले में तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है। घटनाक्रम के अनुसार मुखबीर के जरिये मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने थाने के बाहर नाकेबंदी के दौरान शराब से भरी दो लग्जरी कारों को रोका और उनकी तलाशी लेने पर दोनों कारों के बोनट में छिपाकर रखी शराब की 14० बोतल जब्त की है। वहीं, 3 तस्करों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर के जरिए सागवाडा से सीमलवाडा होकर गुजरात शराब तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना पर थाने के बाहर नाकेबंदी की गई। इस दौरान दो कारे आगे पीछे आते हुए दिखाई दी। पुलिस ने दोनों कारों को रुकवाकर तलाशी ली। इस दौरान दोनों कारों के बोनट में शराब छिपाकर रखी हुई थी। जिस पर पुलिस ने दोनों कारों को जब्त किया। एक कार से शराब की 69 बोतल व दूसरी कार से 71 बोतल शराब बरामद की। पुलिस ने उदयपुर निवासी विजय सिंह, डूंगरपुर जिले के बांदेला निवासी सुभाष चंद्र लबाना और डूंगरपुर के निठाउवा निवासी दिलीप लबाना को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार किया है। पुलिस तस्करों से पूछताछ कर रही है।

हमले में युवक घायल

उदयपुर,(कासं)। आपसी रंजिश के चलते आरोपियों ने हमला कर व्यक्ति को घायल किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6 अक्टूबर को मो. सिद्दीक निवासी आयड़ पर मो. सोहेल पुत्र साबिर उर्फ बाबू , मो. अयान पुत्र मो. हुसैन, मो. अल्फेज पुत्र मो. इस्माईल, मो. दानिश पुत्र मो. ईशाक ने हमला कर दिया। गंभीर घायल होने पर मो. सिद्दीक को परिजन उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया।

राजसमंद जिले में 80,332 लोगों ने स्वेच्छा से छोड़ी खाद्य सुरक्षा

राजसमंद, (निसं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा संचालित 'गिव अप अभियान' प्रदेश में सामाजिक न्याय, स्वैच्छिक त्याग और गरीबों की सेवा की आदर्श मिसाल बनकर उभरा है। यह अभियान न केवल आमजन की नैतिकता, समानुभूति और संवेदना आधारित सोच को प्रदर्शित कर रहा है, बल्कि सहभागिता के माध्यम से सामाजिक जिम्मेदारी को भी सशक्त कर रहा है। 'गिव अप अभियान' निर्धन के हक में किसी प्रकार की सेंधमारी न हो, इस भावना को सामाजिक कर्तव्य में परिवर्तित कर रहा है।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का मुख्य उद्देश्य सेवा और संवेदनशीलता के साथ निर्धन तक उसका वास्तविक हक पहुँचाना है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विभाग असल हकदारों तक लाभ पहुँचाने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है। गिव अप अभियान के अंतर्गत अब तक 37.62 लाख अपात्र लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा छोड़ी है। वहीं 27 लाख से अधिक लोगों द्वारा ई-केवाईसी नहीं करवाई जाने से उनका नाम स्वत: सूची से हट गया, जिससे 65.25 लाख नए पात्र लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा का लाभ मिल सका है। राज्य सरकार के इस कदम से खाद्य सुरक्षा का लाभ वास्तविक वंचितों को प्राप्त हो रहा है। उन्हें मुख्यमंत्री रसोई गैस सब्सिडी योजना के तहत प्रति वर्ष 450 रुपये में 12 गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के तहत 10 लाख रुपये का बीमा कवरेज और मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत निशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल रही है। गोदारा ने बताया कि गिव अप अभियान की अभूतपूर्व सफलता को देखते हुए इसकी अवधि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ाई गई है।

जिला रसद अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि ने बताया कि राजसमंद जिले में 80,332 संपन्न लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का त्याग किया है। इन रिक्तियों से 94,400 पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ा गया है, जिससे जिले में सामाजिक न्याय की भावना को और मजबूती मिली है। गोदारा ने बताया कि केवल पात्र और वंचित लोग ही खाद्य सुरक्षा से जुड़े रहें, यह सुनिश्चित करना राज्य सरकार का दायित्व है। इसके लिए विभाग द्वारा पात्रता सत्यापन डोर-टू-डोर किया जा रहा है। अपात्रों की सूची पंचायत समितियों, नगर पालिकाओं, कलेक्ट्रेट और रसद कार्यालयों में चस्पा की जाएगी। उन्हें नोटिस जारी कर 30 रुपये 57 पैसे प्रति किलोठाम गेहूं की दर से वसूली की जाएगी।विभाग ने पहली बार नाम हटाने की प्रक्रिया को सरल बनाया है, साथ ही नाम जोड़ने की प्रक्रिया को भी अधिक लाभार्थी-फ्रेंडली किया गया है। पात्र व्यक्ति अब ई-मित्र केंद्र या विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पात्रता जांच के लिए शहरी और ठामीण स्तर पर जांच दलों का गठन किया गया है, जबकि जिला कलेक्टर को भी खाद्य सुरक्षा सूची में नाम जोड़ने के लिए अधिकृत किया गया है।विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार ऐसे परिवार अपात्र माने जाएंगे, जिनका कोई सदस्य सरकारी, अर्द्धसरकारी या स्वायत्तशासी संस्था में नियमित कर्मचारी या अधिकारी हो, या जो एक लाख रुपये से अधिक वार्षिक पेंशन प्राप्त करता हो। इसी प्रकार आयकरदाता परिवार या जिनके पास चारपहिया वाहन (ट्रैक्टर और एक वाणिज्यिक वाहन को छोड़कर) है, वे भी अपात्र होंगे।

गिव अप अभियान के प्रभावी पर्यवेक्षण के लिए उपायुक्त और संभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्री गोदारा ने अब तक 32 जिलों का दौरा कर अभियान की प्रगति की समीक्षा की है। जिला स्तर पर अधिकारियों को साप्ताहिक एवं पाक्षिक प्रवास कर रिपोर्ट मुख्यालय भेजने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान की सफलता के लिए जिला स्तर पर जनप्रतिनिधियों, उचित मूल्य दुकानदारों और विभागीय अधिकारियों के साथ सतत समन्वय बनाए रखा जा रहा है। सोशल मीडिया एवं क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से आमजन में सकारात्मक चेतना फैलाने के साथ-साथ खाद्य सुरक्षा से नाम जोड़ने और हटाने की प्रक्रिया के प्रति व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

सार-समाचार

आगजनी करने वाले 11 गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। बैकरिया थाना पुलिस ने मौताणें की मांग को लेकर मकानों में घुस कर तोड़फोड़ कर आगनजी करने वाले ग्यारह आरोपियों को गिरफ्तार किया। वहीं विधी से संघर्षरत दो बालअपचारियों को डिटेन किया। प्रकरण के अनुसार 8 अक्टूबर को पीडित सोमाराम पुत्र नगाराम निवासी जाबुआ का खुणा चापा की नाल बैकरिया ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। कि मेरी पत्नी भुरीबाई का पीहर मोटाल सिरोह में है। पत्नी भुरीबाइ के सांस की तकलीफ थी। एक माह पूर्व खेत पर काम करते समय चक्कर आने से गिरने पर उसकी मौत हो गई थी। जिसकी लाश सीएचसी बैकरिया में रखवा पीहर पक्ष को बुलाया। इस पर पीहर पक्ष ने 1 लाख 50 हजार रूपये की मांतार्णे की मांग करने लगे। 7 अक्टूबर को अमराराम पुत्र अणदाराम, विशाराम पुत्र धीराजी, दिनेश पुत्र अमराराम, अर्जुन पुत्र मेगा, रणसा पुत्र अणदाजी, कालुराम पुत्र विशाराम, रमेश पुत्र रणसाजी, राकेश पुत्र जोशी, तेजाराम पुत्र कालुजी, हंसाराम पत्रु अमराराम निवासी मोटाल राजपुरा सिरोह व रतन पुत्र पन्ना गरासिया निवासी पावटी कला बैकरिया, केशी पत्नी अमराराम, मोहनी पत्नी जोगाराम, चंपा पत्नी रणसाराम, चेलु पत्नी नेनाराम निवासी मोटाल राजपुरा सिरोही व अन्य लोगों ने लठ्ठ, कुल्हाड़ी, बंदूक के साथ मौताणों की मांग करते हुए हमारे घरों पर हमला कर दिया। इसका पता चलने पर हम जंगलों की तरफ भागे। इस को देख आरोपियों ने तोड़फोड़ कर सामान चोरी कर मेरे भाई कुशाराम, धरमाराम, चमनाराम व भतीजे रमेश के घरों मे आगजनी कर दी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उपाधीक्षक राजेन्द्रसिंह के सुपरविजन में बैकरिया थानाधिकारी उत्तमसिंह मय टीम ने रणसाराम, विसाराम, अमराराम, दिनेश,कालुराम, तेजाराम, रताराम, केसीदेवी, चेलु उर्फ सनूरी देवी, चंपादेवी, मोहनी उर्फ मानी देवी को गिरफ्तार किया व विधी से संघर्षरत 3 बाल अपचारियों को डिटेन किया है।

पूर्व पार्षद का धरना पर समाप्त

राजसमंद, (निसं)। नगर परिषद के पूर्व पार्षद कैलाश निष्कलंक का नगर परिषद सभापति के खिलाफ पट्टे पर हस्ताक्षर नहीं करने और हठधर्मिता अपनाने के आरोपों को लेकर चल रहा धरना करीब 28 घंटे बाद बुधवार शाम को प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। पूर्व पार्षद कैलाश निष्कलंक ने बताया कि उन्होंने नगर परिषद के राजस्व ठाम सनवाड में राजस्थान भू अधिनियम की 1956 की धारा 90 क के अधीन कृषि भूमि का गैर कृषि उपयोग के लिए अनुज्ञा प्रदान करने का आवेदन किया था। उन्होंने बताया कि इसके तहत उन्होंने समस्त पत्रावलिया एवं जरूरी दस्तावेज आदि भी आवेदन के साथ संलग्न कर दिए थे। साथ ही इसको लेकर 12 जून 2025 को ही शुल्क राशि भी जमा करवा दी थी। साथ ही इसको लेकर संबंधित जमीन के लिए तहसीलदार की ओर से जारी रिपोर्ट भी आवेदन के साथ संलग्न कर दी गई थी, जिसमें यह स्पष्ट होता है कि उनका पट्टा जिस आराजी का हवाला देकर रोका जा रहा है, मामले को अब्दुल रहमान प्रकरण के नाम पर घसीटा जा रहा है उससे हमारे आरजी का कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने बताया कि इसके बावजूद नगर परिषद सभापति अशोक टांक बिना किसी कारण के हठधर्मिता अपनाते हुए हस्ताक्षर नहीं करके हमारे पट्टे को जारी होने से रोक रहे हैं, जो कि सर्वथा अनुचित है। उन्होंने बताया कि सभापति की ओर से इस तरह जबरन पट्टा रोकने के खिलाफ उन्होंने मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में धरना लगाया। इसके तहत वे रात को भी नगर परिषद में धरना स्थल पर ही रहे। वहीं, बुधवार शाम 5 बजे जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि और नगर परिषद आयुक्त बृजेश राय की ओर से उन्हें मामले का 3 दिन के अंदर निस्तारण करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद करीब 28 घंटे चले धरने को उन्होंने समाप्त करने की घोषणा की।

ग्रामीण सेवा शिविर आज

डूंगरपुर, (निसं)। ग्रामीण सेवा शिविर के तहत 9 अक्टूबर गुरूवार को डूंगरपुर की ग्रांम पंचायत मेताली, रोहनवाडा, दोवडा की ग्राम पंचायत कोलखण्डा खास, पांतली, बिछीवाडा की ग्राम पंचायत धामोद, मालमाथा, झौथरी की ग्राम पंचायत डोल कुन्जेला,वासूवा, चिखली की ग्राम पारडा दरियाटी, माला खोलडा, सीमलवाडा की ग्राम पंचायत रास्ता, सागवाडा की ग्राम पंचायत वमासा, पारडा सरोदा, गलियाकोट की ग्राम पंचायत अम्बाडा, डैयाणा, साबला की ग्राम पंचायत दोलपुरा, वलाई, आसपुर की ग्राम पंचायत बडलिया, खलिल में शिविर आयोजित होंगे।

रसायन विज्ञान सतत विकास की रीढ़ : वी.एन.आर. पिल्लई

उदयपुर, (कासं)। पाहेर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर अध्ययन एवं रसायन विज्ञान विभाग द्वारा 'सतत विकास में रसायन विज्ञान की भूमिका' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ 8 अक्टूबर को हुआ। इस प्रतिष्ठित अवसर पर शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विद्वानों और वैज्ञानिकों ने सम्मेलन को संबोधित किया। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर वी.एन.आर. पिल्लई, पूर्व चैयरमैन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने उद्घाटन सत्र में कहा कि रसायन विज्ञान सतत विकास की रीढ़ है।

पाहेर विवि में 'सतत विकास में रसायन विज्ञान की भूमिका' पर अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस का शुभारंभ हुआ।

उन्होंने ऊर्जा, पर्यावरण और स्वास्थ्य में संतुलन बनाए रखने के लिए रसायन विज्ञान की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, 'हमें प्रयोगशालाओं से बाहर निकलकर समाज तक जाना आवश्यक है। तभी हम एक सुरक्षित, स्वच्छ और टिकाऊ भविष्य की कल्पना को साकार कर सकते हैं।' उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि रसायन विज्ञान का प्रत्येक क्षेत्र आज मानव सभ्यता के संरक्षण और उन्नयन के लिए योगदान दे रहा है।कुलपति प्रो. हेमंत कोठारी ने सम्मेलन की प्रमुख बातों को साझा करते हुए बताया कि रसायन विज्ञान की भूमिका केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह अब सतत विकास के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक निर्णायक शक्ति बन गई है। ऊर्जा संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण और नवीकरणीय संसाधनों के विकास में रसायन विज्ञान ने नई प्रणालियों की दिशा दी है। प्रो. कोठारी ने रेखांकित किया कि इन क्षेत्रों में और अधिक शोध और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता है ताकि भारत 2047 तक विकसित देश बनने की दिशा में मजबूत कदम रख सके। पाहेर विश्वविद्यालय ने इस लक्ष्य में सहयोग का संकल्प लिया है और भविष्य के लिए नवाचार व अनुसंधान के मार्ग पर अग्रसर है।

बैठक आयोजित

बांसवाड़ा, (निसं)। बागीदौरा और आनंदपुरी में संगठन सृजन अभियान को लेकर एआईसीसी और पीसीसी द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर ने ब्लॉक कांग्रेस की बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकताओं से जिलाध्यक्ष और संगठन मजबूती को लेकर चर्चा की। ऑब्जर्वर लालजी देसाई ने कहा कि संगठन सृजन अभियान पार्टी को बूथ स्तर से मजबूत करने का अभियान है। कार्यकर्ता अभियान से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ते हुए पार्टी को मजबूत करें।

उन्होंने वर्तमान भाजपा सरकार की आलोचना करते हुए कांग्रेस सरकार के सफल कार्यों को याद किया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के नेतृत्व में ही प्रदेश में किसानों, गरीबों और विभिन्न समुदायों के हितों की रक्षा हुई हैं भाजपा सरकार दमनकारी रवैया अपनाकर लोकतंत्र को कमजोर कर रही है और बेईमानी से चुनाव जीत रही है। देसाई ने कार्यकर्ताओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि यही जोश आगामी विधानसभा चुनावों में भी दिखाना होगा। सह ऑब्जर्वर डॉ संजीव राजपुरोहित ने जिलाध्यक्ष चुनाव को संगठन सृजन का अहम हिस्सा बताते हुए अनुशासन का पालन करने की सलाह दी और आश्वासन दिया कि कार्यकर्ताओं की भावनाओं को केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचाया जाएगा।

नंद लाल ने मंत्री पद के बजाय जिला मांगा, उन्हें दोनों मिले : राजे

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे पूर्व मंत्री नंद लाल मीणा के गांव अम्बा माता (प्रतापगढ़) पहुंची और पगड़ी के दस्तूर में शामिल हुई। उन्होंने स्व.मीणा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।साथ ही राजस्व मंत्री हेमंत मीणा को ढाढस बँधाया।

इस अवसर पर उन्होंने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 2003 में जब मैं पहली बार मुख्यमंत्री बनी तब मंत्री मंडल बनाने के समय मीणा को मैंने सूचना दी कि आपको मंत्री बना रहे है। सुबह शपथ लेनी है। उन्होंने कहा कि आप मुझे मंत्री मत बनाओ, आप तो प्रतापगढ़ को जिला बना दो। अपने क्षेत्र से उनके प्यार को देखते हुए मैंने उन्हें मंत्री भी बनाया और प्रतापगढ़ को जिला भी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे ने कहा कि वे जब मैं मुख्यमंत्री थी, तब वह मंत्री थे, इसके बावजूद मैं उन्हें बड़ा भाई मानती थी और उन्हें भाई साहब कह कर पुकारती थी। वे अपने क्षेत्र के विकास के लिए कई बार मुझसे जिद करके काम करवाते थे। उनमें अपनापन था। सिद्धांतों के पक्के थे।

वे दोस्ती भी पक्की रखते थे तो अदावत भी पक्की।उन्होंने जन जाति क्षेत्र के लिए बहुत कुछ किया। इस क्षेत्र के विकास का श्रेय उन्हीं को जाता है।

कचरा यार्ड की गंदगी व धुएं से स्वास्थ्य पर पड़ रहा प्रतिकूल प्रभाव, पत्र लिखा

उदयपुर, (कासं)। दक्षिण विस्तार योजना पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर क्षेत्र बलीचा उदयपुर के निवासियों ने प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा को पत्र लिखते हुए पीड़ा व्यक्ति की है।

पत्र में बताया कि उदयपुर शहर एवं बलिचा यार्ड की गंदगी की सड़ांध एवं यार्ड में लग रही आग के विषैले धुएं से हजारो लोग मौत के मुंह में जाने को विवश हो रहे हैं। हमारे द्वारा बार-बार प्रशासन एवं शासन से निरन्तर शिकायतें करने तथा राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 07.07.2023 को दिये गये आदेश में जिला मजिस्ट्रेट उदयपुर, राजस्थान राज्य प्रदुषण मण्डल बोर्ड और नगर निगम उदयपुर घटनास्थल का निरीक्षण कर ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन नियम 2016 के नियम 4(2) के प्रावधानों के तहत तीन माह के भीतर उचित उपचारात्मक और निवारक कार्रवाई करेगी। राज्य प्रदुषण नियत्रंण बोर्ड इस आदेश के लिए नोडल एजेन्सी होगी जो कि दैनिक गतिविधियों की देखरेख के साथ-साथ ठोस अपशिष्ट को जलाने से रोकने तथा डोर टू डोर कचरा संठाहण प्रणाली में सुधार का कार्य करेगी परन्तु दुर्भाग्य है कि आज भी कचरा यार्ड में आग लगायी जा रही है गीला एवं सुखा मिक्स कचरा लाकर कचरा यार्ड में डाला जा रहा है चारो तरफ दूर-दूर तक सड़ांध फैल रही है तथा आग लगाने से विषैला धूआँ फैल रहा है जिससे उस क्षेत्र के आस-पास रहने वाले लोगों के आंखों में जलन, नाक में जलन, दमा , गले में जलन, चर्म रोग, खांसी , बुखार , मलेरियां जैसी बिमारियों ने लोगों का जीना हराम कर दिया है।भारतीय प्रबंध संस्थान, उदयपुर के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सिवा कुमार मथाड़ा द्वारा निरन्तर पत्रों द्वारा अधिकारियों एवं जिला प्रशासन को दिनांक 28.11.22, 16.05.23, 25.10.23, 07.10.24 एवं 25.03.25 को लिखा कि आग के जहरीले धुएँ से आईआईएम संस्थान के 800 छात्र/छात्राएं तथा 65 परिवार पूरी तरह से प्रभावित हो रहे है उनका स्वास्थ्य बिगड़ रहा है तथा बीमार हो रहे है आग एवं गंदगी की सड़ांध को बन्द करवा आमजन को राहत पहुंचाये परन्तु स्थितियां दिन- प्रतिदिन बद से बदहत्तर होती जा रही है।

देबारी पुलिया के पास शराब की दुकान को पीछे शिफ्ट करने के निर्देश

उदयपुर, (कासं)। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक बुधवार कों जिला कलक्टर नमित मेहता के निर्देशन में कलक्ट्रेट मिनी सभागार में हुई। इसमें शहर सहित जिले भर में सड़क सुरक्षा से जुड़े बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रारंभ में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता- शहर एवं समिति के सदस्य सचिव मुनीमचंद मीना ने गत बैठक कार्यवाही विवरण

- **फतहपुरा चौराहे पर परीक्षण के तौर पर हाईरेजोल्युशन कैमरे और सेंसर लगाए जाएंगे**

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारीगण।

तथा अनुपालना रिपोर्ट प्रस्तुत की। देहली गेट पर प्रस्तावित हाईरेजोल्युशन कैमरे एवं सेंसर सिस्टम को निर्माणाधीन एलिवेटेड रोड के चलते फतहपुरा चौराहे पर लगवाने के पूर्व बैठक में हुए निर्णय के आधार पर प्रगति पर चर्चा की गई। इसमें संबंधित एजेंसी ने टेस्टिंग के लिए लिखित स्वीकृति की आवश्यकता जताई। बैठक में युडीए को स्वीकृति देने के लिए निर्देशित किया गया। उक्त कार्य के तहत संबंधित एजेंसी की ओर से फतहपुरा चौराहे पर परीक्षण के तौर पर हाईरेजोल्युशन कैमरे और सेंसर लगाए जाएंगे। बैठक में देबारी पुलिया के समीप शराब की दुकान के चलते वाहनों के हाइवे पर ठहराव से हादसों की आशंका की समस्या पर भी चर्चा की गई।

जिला कलक्टर ने आबकारी विभाग को उक्त दुकान को पीछे की ओर से शिफ्ट कराने तथा पार्किंग की जगह उपलब्ध कराने के लिए पाबंद किया। सदस्य सचिव मीना ने एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य के तहत मेवाड़ मोटर्स गली के सामने ट्रांसफर्मर के पास से वाहनों के गुजरने से हादसों की संभावना को रेखांकित किया। इस पर नगर निगम को ट्रांसफर्मर जल्द से जल्द शिफ्ट कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में वाल सिटी में ग्रीन मोबिलिटी जोन, रात्रि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नाईट फूड मार्केट, शहर में आवश्यक वाले स्थानों पर नो पार्किंग जोन, पेन्सिल डिवाइडर, पार्किंग जोन आदि तय करने के लिए गठित कमेटी, वेडिंग जोन का सीमांकन कराने सहित विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा शहर सहित जिले भर में हुई सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वालों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही योजना में लोगों को लाभान्वित करने तथा योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराने के लिए चिकित्सा विभाग को सख्त निर्देश दिए। बैठक में एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखमनराय राठौड़, उपाधीक्षक यातायात अशोक आंजना, युडीए के अधीक्षण अभियंता अनित माथूर, नगर निगम के अधीक्षण अभियंता मुकेश पुजारी, जिला परिवहन अधिकारी नितिनप्रकाश बोहरा, आधार फाउण्डेशन के नारायणलाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मुख्य आरोपी व साथी गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। बडगांव थाना पुलिस ने बांडीनाल मगरा बस्ती बडगांव स्थित घर में घुस कर महिला की हत्या करे के मामले में मुख्य आरोपी व साथी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 1 अक्टूबर को कंकू पत्नी शिवा कालबेलिया निवासी मगरा बस्ती बांडीनाल बडगांव ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। जिसमें उसने बताया कि 30 सितंबर को रात में पति व देवर अर्जुन उसकी पत्नी लाली व मेरी सासू हिराबाई तथा ससुर बाबू सभी झोपड़ी में थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले बबलू पुत्र छोटूलाल उसका भाई नारायण व उसके साथ तीन चार जने हाथ में लठ्ठ व पत्थर लेकर आए तथा झोपड़ी में जाकर सास हीराबाई पर हमला कर दिया। जिससे मेरी सास की मौत हो गई तथा देवर अर्जुन, ननंद कालबाई, देवरानी लीलबाई व मेरी पुत्री रिया घायल हो गई थी। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अ्बडगांव थानाधिकारी पूरणसिंह के नेतृत्व में रणजीतसिंह एएसआई, हेडकांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, लक्ष्मणसिंह सोहन सिंह मय टीम ने कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी रामदेव उर्फ रामू बावरी निवासी हरनाथपुरा मातृकुंडिया राश्मी चित्तोड़गढ हाल सिटी रेल्वे स्टेशन के सामने कच्ची बस्ती सूरजपोल तथा भेरूलाल उर्फ दरबार बावरी पुत्र लक्ष्मणलाल निवासी हरनाथपुरा मातृकुंडिया राश्मी चित्तौडगढ हाल आवरी माता कच्ची बस्ती को गिरफ्तार किया।

'साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए डिजिटल समझ बढ़ाना आवश्यक'

मंडफिया, (निसं)। दिनों दिन बढ़ते साइबर अपराध, धोखाधड़ी रोकना और डिजिटल समझ बढ़ाने को लेकरराजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडफिया में प्रधानाचार्य दिनेश चन्द बैरवा के सानिध्य में श्री गोकुल डांगी थानाधिकारी मंडफिया और महेंद्र, अमन कांस्टेबल द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया थानाधिकारी ने संबोधित करते हुए कहा कि साइबर धोखाधड़ी रोकने के लिए डिजिटल समझ बढ़ाना आवश्यक है

प्रतिदिन साइबर धोखाधड़ी के मामले सामने आ रहे हैं। साइबर अपराधी लोगों को ठगने के लिए जिस तरह नए-नए तरीके अपना रहे हैं, उससे तो ऐसा लगता है कि उन्होंने ठगी का सुगठित तंत्र विकसित कर लिया है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती बच्चे देश का भविष्य है बच्चों को जागरुक कर ही साइबर अपराधियों पर लगाम लगाई जा सकती है जब देश का बच्चा-बच्चा साइबर अपराधों के प्रति जागरूक हो जाएगा तो देश में साइबर अपराधों पर अवश्य ही लगाम लगेगी पुलिस विभाग के अमन द्वारा छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि साइबर अपराधों से बचने के लिए अपने डिवाइस के सॉफ्टवेयर को अपडेट रखें, मजबूत और स्ट्रांग पासवर्ड का उपयोग करें, सार्वजनिक वाई-फाई का उपयोग करते समय सावधानी बरतें, और संदिग्ध लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक करने से बचें व्यक्तिगत और वित्तीय जानकारी किसी भी अजनबी के साथ साझा न करें, और यदि आप साइबर हमले के शिकार होते हैं, तो तत्काल सहायता के लिए राष्ट्री